उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

▸ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुआ योग

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी.पी. मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए योग का नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। इसके पश्चात कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. नंदकुमार पटेल ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है, मानसिक एकाग्रता बढ़ती है तथा अनेक जीवनशैली जनित रोगों से बचाव संभव होता है। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भद्रासन, शशांकासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ किया। महाविद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा, जागरूकता एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनोरमा गुप्ता, डॉ. आर.एम. दत्ता, डॉ. धरमू प्रसाद कुशवाहा, डॉ. मनोज कुमार शुक्ला सहित महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त भारत के निर्माण के संदेश के साथ हुआ।

सांदीपनि विद्यालय अजयगढ़ में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सांदीपनि विद्यालय आजयगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में छात्रों अभिभावकों अधिकारियों एवं स्कूल के शिक्षकों ने तथा जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रातः 6:30 पर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद ऑनलाइन प्रसारण के साथ ही सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम चला। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी भगवान दास रजक एवं नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा योग के महत्व के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा गया की योग ही स्वस्थ जीवन का मुख्य आधार है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए बच्चे हो या बूढ़े सभी को प्रातः योग करना चाहिए। कार्यक्रम के संचालन में गजेंद्र सिंह यादव, प्रवीण पांडे, शिवनारायण सिंह, राजकुमार कुशवाहा, निवेदिता शुक्ला, श्रीमती अनीता मिश्रा, वंदना गुप्ता, प्राची गुप्ता आदि समस्त शिक्षकों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। अंत में प्राचार्य द्वारा आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया तथा इसी प्रकार बच्चों का उत्साह वर्धन एवं मार्गदर्शन करते रहने का अनुरोध किया गया।

स्टीयरिंग फेल होने से दो ट्रकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत, कोई जनहानि नहीं

पन्ना, 21 जून, पन्ना-अमानगंज मार्ग पर ताज होटल के पास शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां स्टीयरिंग फेल होने के कारण दो तेज रफ्तार ट्रकों में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस रात करीब साढ़े 10 बजे हुए इस हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और उसके पहिये हवा में ऊपर की ओर हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक ट्रक की स्टीयरिंग अचानक फेल होने की वजह से चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से सीधे जा टकराया। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर मौके पर भारी अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। गनीमत यह रही कि इस बेहद खतरनाक हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और दोनों ट्रकों के चालक सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और कुछ समय के लिए बाधित हुए यातायात को सुचारू रूप से बहाल कराया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जहरीला पदार्थ खाने वाली महिला की रास्ते में मौत

▸ जिले के पड़रहा गांव की घटना

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, पन्ना जिले के पड़रहा गांव की एक महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत का मामला सामनें आया है जिसमें परिवार के लोगो ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाये है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब तीन महीने पहले अपने 17 साल के बेटे देवराज को बीमारी के कारण खो चुकी 40 वर्षीय विद्या कुशवाहा गहरे मानसिक तनाव में थीं। इसी अवसाद के चलते उन्होंने रात में कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। बदहवास परिवार ने तकरीबन रात साढ़े ग्यारह बजे 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन गाड़ी ढाई घंटे बाद रात दो बजे गांव पहुंची। अजयगढ़ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया, दुर्भाग्य से यहां भी एंबुलेंस के लिए करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

थक-हारकर परिजन जब तक निजी वाहन का इंतजाम कर पन्ना के लिए रवाना हुए, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और विद्या ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

सलेहा में मनाया गया विश्व योग दिवस

नवभारत न्यूज

सलेहा, 21 जून, सलेहा नगर में संचालित पीएम श्री शासकीय उच्चस्तर विद्यालयों में विश्व योग दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम वीणा वादिनी एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों,जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा योग किया गया, साथ ही योग दिवस के रूप में भी मनाया गया, साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया योग संदेश का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान योग आसन, सूर्य नमस्कार, प्रणायाम सभी के द्वारा किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य हरिराम शर्मा द्वारा योग दिवस पर सभी को नियमित योग करने एवं स्वस्थ रहने का आवाहन किया।

बार-बार गुल हो रही बिजली, उमस में तड़प रहे लोग, बिजली विभाग बना मूकदर्शक

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, भीषण उमस वाली गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई हैं। शहर में रात के समय कई बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

रात में बार-बार बाधित हो रही बिजली रात के समय कई बार 1 से 2 घंटो तक गुल हो जाती है जिससे शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। बार-बार होने वाली इस

कटौती के कारण लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। उमस भरे मौसम में बिजली बंद होते ही घरों में गर्मी बढ़ जाती है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार हल्की आंधी या बारिश होने पर भी कई बार घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ यह समस्या और अधिक गंभीर होती दिखाई दे रही है। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि बार-बार होने वाली बिजली कटौती के कारणों का पता लगाकर स्थायी समाधान किया जाए। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए विद्युत लाइनों और उपकरणों का प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

मेंटेनेंस व्यवस्था पर उठ रहे प्रश्न

उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग को लाइन और उपकरणों के रखरखाव के लिए नियमित रूप से बजट उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद यदि बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है तो यह मेंटेनेंस व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। लोगों का कहना है कि विभाग को समय रहते आवश्यक सुधार कार्य कर बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाना चाहिए।

सांदीपनि विद्यालय पवई में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

▸ जन प्रतिनिधि सहित शिक्षकों ने किया योग

नवभारत न्यूज

पवई 21 जून, देश प्रदेश सहित पन्ना जिले में भी 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस बार राष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी कोलकाता के द्वारा की गई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है।

जो विश्व भर में जीवन भर स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने पर ध्यान देने पर जोर देती है। इस कड़ी में पवई नगर के सांदीपनि सीएम राइस विद्यालय में भी योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

इस दौरान एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार श्रीमती रत्न राशि पाण्डेय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय, विकास खंड शिक्षा अधिकारी हुकुम सिंह यादव,विद्यालय प्राचार्य राम कृष्ण नगायच,सुख सागर सिंह कुंवर सुदीप त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि के साथ शिक्षकों एवं आम लोगों ने योग किया। साथ ही जीवन भर स्वस्थ रहने के लिए योग करने का संकल्प लिया। बता दें कि प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस बार योग पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ साथ सरकार ने 100 दिन,100 शहर,100 संगठन अभियान शुरू किया है। जिससे देश भर के संस्थानों और समुदायों को योग को रोज मर्रा की जिंदगी का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

वनकर्मियों एवं ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनकर्मियों, ग्राम वन समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

शाहनगर परिक्षेत्र के बोरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति महेबा के वनरक्षक प्रेम नारायण वर्मा के साथ वन समिति अध्यक्ष भूरा बंजारा, पूर्व सरपंच रामा बंजारा, जनप्रतिनिधि मोहन विश्वकर्मा, केशव प्रसाद दहायत एवं समिति सदस्यों ने सहभागिता की। रैपुरा परिक्षेत्र में उपवनक्षेत्रपाल अशोक पांडे, वनरक्षक प्रेमशंकर ठाकुर, सुमंत सिंह एवं लक्ष्मीकांत तिवारी की उपस्थिति में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बघवार वन चैकी में वनपाल रंजना नागर, वनरक्षक रजनीश चैरसिया, बद्री यादव तथा समिति सदस्यों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

कल्दा परिक्षेत्र के श्यामगिरि में आयोजित कार्यक्रम में उपवनक्षेत्रपाल ओमप्रकाश शर्मा, वनरक्षक संदीप सिंह बघेल, विजय सिंह भदौरिया, राजेश धुर्वे एवं स्थानीय ग्रामीणों तथा समिति सदस्यों ने योग किया। मोहन्द्रा परिक्षेत्र में बीट मड़वा स्थित शासकीय हाई स्कूल में वनरक्षक गौरव दीक्षित के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी प्रकार बीट फतेपुर लाखनचोरी में वनरक्षक प्रकाश प्रजापति एवं बीट जमुनहा में वनरक्षक अभिनव पांडे द्वारा वन सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान का अभ्यास किया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया।

शिव कृपा प्राप्त करना चाहते हैं तो पहले राम का अनुकरण तो करो : कमलदास जी बापू

नवभारत न्यूज

अजयगढ़, 21 जून, श्री लाइना बाबा सरकार की विशेष अनुकंपा से मासिक शिवरात्रि के उपलक्ष्य में अजयगढ़ के समस्त भक्त जनों के सहयोग से रामलीला मैदान हाल में चल रही 9 दिवसीय संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा में श्री चित्रकूट धाम से पधारे संत कमलदास जी बापू ने आज पहले दिन श्री शिवमहापुराण की महात्म्य की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव उसी पर कृपा करते हैं जो भगवान राम का अनुकरण करता है अन्यथा नहीं। उन्होंने कहा ज्योतिष में मोरपंख को सभी नौ ग्रहों का प्रतिनिधि माना गया है, विशेष तौर पर मोरपंख के कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें किसी शुभ मुहूर्त में करने से सभी समस्याओं से तुरंत छुटकारा मिल जाता है। श्रीकृष्ण का श्रृंगार मोर पंख के बिना अधूरा ही लगता है। वे अपने मुकुट में मोर पंख भी विशेष रूप से धारण करते हैं। शास्त्रों के अनुसार मोर के पंखों में सभी देवी-देवताओं और सभी नौ ग्रहों का वास होता है। प्राचीन काल में एक मोर के माध्यम से देवताओं ने संध्या नाम के असुर का वध किया था। आयुर्वेद में भी मोर पंख से तपेदिक, दमा, लकवा, नजला और बांझपन जैसे दुसाध्य रोगों में सफलता पूर्वक चिकित्सा बताई गई है। श्री चित्रकूट धाम शिवरामपुर उत्तर प्रदेश से साथ में आऐ पंडित गोविंद प्रसाद मिश्रा ने बताया कि कथा के पूर्व सरस्वती मंदिर से गाजे बाजे के साथ कथा के मुख्य यजमान के नेतृत्व में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भाग लेने वालों में विष्णू प्रसाद सोनी, अवध तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता तथा सैकड़ों की संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

अभिभावकों को रिझाने में जुटे स्कूल संचालक, अपनाये जा रहे हर हथकण्डे

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, नये शिक्षण सत्र के साथ ही निजी विद्यालयों द्वारा बच्चों के प्रवेश के लिए हर हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं यहां तक की बच्चों के एडमीशन के नाम पर छिपे तौर पर कई स्कीमें तक चलाई जा रही हैं।

जिसमें विद्यालयो के शिक्षकों के लिए जो जितने अधिक एडमीशन करा पायेगा उसको प्रोत्साहन स्वरूप धनराशि के साथ विद्यालय में उचित स्थान तक दिये जाने का चर्चाएं जोरो पर है। यही नहीं कुछ ऐसी भी चर्चाएं हैं कि जो अभिभावक अपने बच्चों के अलावा अन्य बच्चों का एडमीशन करवाते हैं उनके बच्चों की फीस में विशेष रियायत दी जाती है। ज्यादातर नये प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों को आकर्षित करने के लिए इंग्लिश मीडियम में पढाई कराने का भी झांसा दिया जाता है। नये सत्र में प्राइवेट स्कूलों के प्रचार के लिए झूठे दावे किये जा रहे हैं कम्प्यूटर शिक्षा के नाम भी स्कूलो द्वारा शुल्क लिया जाता है। जबकि सत्र कम्प्यूटर पढाने के नाम पर केवल सामने ही बैठाया जाता है कम्प्यूटर सीखने के नाम पर बच्चों को कुछ भी न बता पाने के कारण उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पाती। प्राइवेट स्कूलों में कुछ कम्प्यूटर शो पीस बनाकर रखे गये हैं। कम्प्यूटर शिक्षक न होने के कारण उन्हें खुद भी अपना कार्य बाजार से कराना पडता है इसी तरह प्राइवेट स्कूलों में प्रयोगशाला के नाम पर दो चार उपकरण ही रखे गये हैं फिर भी लैब की सुविधा उपलब्ध कराने का झूठा दावा किया जाता है। लाइब्रेरी की सुविधा न होने के कारण भारी भरकम शुल्क देने वाले बच्चों को पूरे सत्र में एक भी किताबें स्कूल से नहीं मिल पातीं। जबकि लाइब्रेरी का शुल्क भी वसूलने स्कूल संचालक गुरेज नहीं करते। नये प्रवेश के दौरान जो स्कूल संचालक एवं संस्था प्रमुख अभिभावकों से काफी शालीनता से पेश आते हैं प्रवेश कार्य खत्म होते ही उनका असली चेहरा सामने आ जाता है अभिभावकों से तरह तरह बहीखाता शुरू हो जाता है जो साल भर चलता रहता है कई प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर भारी भरकम शुल्क वसूलने का दौर शुरू किया गया है.

देश के प्रथम राष्ट्रपति से लोकार्पित छत्रसाल पार्क हुआ बेरौनक

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, पन्ना नगर का एक मात्र एतिहासिक छत्रशाल पार्क जिसका शुभारंभ देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया था। आज वह बच्चों के खेल सामग्री सहित साफ सफाई आदि से महफूज नजर आ रहा है तथा बेरौनक हो गया है।

अधिकांश खेल एवं सजावट सामग्री कमीशन खोरी के चलते इतनी घटिया स्तर की लगाई गई थी कई उपकरण एवं साज सज्जा वाले आइटम तो समय से पहले नष्टप्राय: हो गई और कुछ लगाई गई कि नहीं यही पता नहीं है। बच्चों के लिए खेल उपकरण भी नाकाफी के साथ साथ कई खराब हो चुके हैं। नगर का ऐतिहासिक छत्रसाल पार्क देख-रेख एवं मेंटनेंस के अभाव में उजड़ने लगा है।

हमेशा बच्चों, युवाओं और बुजुगों की चहल कदमी एवं नगर के लोगों के परिवार सहित आवागमन की वजह से रौनक से भरा रहने वाला यह पार्क नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते दुर्दशा का शिकार हो गया है। बताया गया है कि कुछ समय पूर्व यहां ओपन जिम के लिए लाखों की सामग्री खरीदी गई थी बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले इत्यादि भी खरीद कर लगवाए गए थे। नियमित सफाई भी होती वी फब्बारों एवं फूलों के पेड़ पौधे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते थे। लेकिन अब पार्क वीरान नजर आने लगा है।

धीरे-धीरे गायब हो रही सामग्री

लापरवाही और देखरेख के अभाव में पार्क के झूले इत्यादि गायब हो रहे हैं। ओपन जिम की सामग्री भी चैपट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। पूरे पार्क में लंबी-लंबी घास एवं झाड़ियों ने कब्जा कर लिया है जिससे अब यहां लोगों का आना-जाना भी लगभग काम हो चुका है। और अब अधिकतर गंजेड़ियों की आवाजाही अधिक रहती है। यही नही कुछ आवारा किस्म के युवक एवं युवतियों का भी जमघट लगा रहता है। सुरक्षा के कोई उपाय न होने से वहां पर कुछ अनैतिक गतिविधियां भी संचालित रहती है। पार्क में सुबह भ्रमण करने आने वाले एक बुजुर्ग ने बताया कि नगर पालिका की इस प्रकार लापरवाही की वजह से यहां विषैले जीव जतुओं से खतरा भी हो सकता है जो वहां खेलने आने वाले बच्चों एवं अन्य लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शायद इसी आशंका के चलते यहां लोगों ने अपने बच्चों को भेजना बंद कर दिया है अन्यथा हमेशा बच्चों की चहल कदमी रहती थी और शाम को लोग परिवार के साथ यहां सुकून के कुछ पल बिताने के लिए आते थे। अगर यही हाल रहा तो छत्रसाल पार्क जिसका नाम डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद उद्यान भी रखा गया था क्योंकि इसका उद्घाटन भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के द्वारा किया गया था। पार्क के अस्तित्व पर संकट मडरा रहा है।

गरीब समाज का हो रहा शोषण, निकम्मा बना रहीं मुफ्तखोरी की योजनाएं

नवभारत न्यूज

पन्ना, 21 जून, सरकार की मुफ्त योजनाओं को लेकर एक ऐसा माहौल बन चुका है कि आज गरीब समाज का व्यक्ति इन्हें पाने के लिए लालायित रहता है।

ग्रामों क्षेत्रों में तो इस तरह की योजनाओं को लेकर गरीबों के बीच कई तरह की चर्चा भी होती रहती है। यह बात अलग है कि ये लोग कई योजनाओं के बारे में यह भी नहीं जानते कि योजना क्या है किंतु किसी ने थोडा भी बता दिया कि कागजात मांगे जा रहे हैं तो गरीब वर्ग के लोग फोटोकॉपी करवाना शुरू कर देते हैं।

दलालों का गिरोह भी सक्रिय:- यह भी देखा जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे दलाल भी सक्रिय हैं जो मुफ्त की योजनाओं का प्रचार करके अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। लोगों को इस तरह से गुमराह किया जाता है कि वह समझ ही नहीं पाता कि उसके साथ हो क्या रहा है यदि मुफ्त पाने वालों को यह बता दिया जाय कि उनके खाते में रुपये आने वाले हैं जल्दी करो, कागजात ले आओ तो वे बडी तेजी के साथ ऐसे लोगों के झांसे में आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि यदि खाते में रुपये आने वाले हैं तो दस बीस रुपये कागजात के फोटोकॉपी करवाने में क्या जाता है उन्हें यह भी लगता है कि यदि चूक गये तो फिर मौंका नहीं मिलेगा।

योजना कौन सी है पता नहीं:- किस योजना में खाते में पैसे आने वाले हैं यदि यह सवाल किया जाय तो कई लोग यह बता ही नहीं पाते। उन्हें केवल इतना ही बताया जाता है कि कागजात ले आओ। जनपद में जमा होना है फिर मौंका नहीं मिलेगा। कई लोग तो यह भी नहीं जानते कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में सबसे पहली इकाई पंचायत होती है इसलिए किसी भी योजना का क्रियान्वयन, प्रस्ताव या आवेदन तो पंचायतों के माध्यम से ही होगा।